## एक नजर में

### आज इन जगहों पर गुल रहेगी बिजली

**गुना।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली कंपनी द्वारा प्री-मानसून मेंटेनेंस और सुधार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कल, 7 मई को शहर के कई प्रमुख इलाकों में सुबह के समय विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। बिजली कंपनी ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने जरूरी कार्य पूर्ण कर लें।

सहायक प्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और कैंट जोन प्रबंधक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गुरुवार को हाट रोड फीडर क्षेत्र के हनुमान चौराहा, हाट रोड, पुरानी गल्ला मंडी, राधा कॉलोनी और छावड़ा कॉलोनी, कैंट जोन क्षेत्र आकाशवाणी, पुरानी व नई कलेक्ट्रेट, एमपीईबी कैंपस, ख्यावदा कॉलोनी, रेलवे स्टेशन, रेलवे कॉलोनी, संजय स्टेडियम, जिला कोर्ट एवं जिला पंचायत क्षेत्र शामिल है। बिजली कंपनी के अनुसार, 33/11 केवी पावर हाउस सब-स्टेशन से निकलने वाले 11 केवी हाट रोड फीडर पर मानसून पूर्व आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाना है।

### महिला से छीनाझपटी करने वाला गिरफ्तार

**गुना।** कैंट पुलिस ने एलआईसी ऑफिस के पास स्कूटी सवार महिला के साथ हुई बाला स्नेचिंग की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया सोने का बाला भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 18 अप्रैल को दुर्गा कॉलोनी निवासी अरूणा सोनी अपनी पुत्री के साथ स्कूटी से घर लौट रही थीं। शाम के समय जब वे एलआईसी ऑफिस के पास पहुँचीं, तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके कान से सोने का बाला छीन लिया और फरार हो गए।

# ई-टोकन लेने के बाद भी नहीं मिली किसानों को खाद

## कलेक्ट्रेट परिसर के कांच का गेट टूटा, सुरक्षाकर्मियों से भी धक्का-मुक्की

नवभारत न्यूज

**गुना 6 मईका। गुना कलेक्ट्रेट में बुधवार को खाद वितरण की ई-टोकन प्रणाली में आ रहीं तकनीकी खामियों नाराज किसानों ने जमकर हंगामा किया। सुरक्षाकर्मियों और किसानों के बीच तीखी झड़प और झूमाझटकी हुई, जिसमें कलेक्ट्रेट कार्यालय का कांच टूट गया और दरवाजा भी क्षतिग्रस्त हो गया। किसानों का आक्रोश इस बात पर था कि कलेक्टर साहब दफ्तर के अंदर मौजूद हैं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है।**





किसान अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर चैंबर के सामने बैठने की जिद कर रहे थे। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और गेट लगा दिया। इसी गहमागहमी में कांच टूट गया। किसानों का दावा है कि कांच सुरक्षाकर्मियों की जल्दबाजी और गलती से टूटा है, उन्होंने जानबूझकर नुकसान नहीं पहुंचाया। वहीं, किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सुरक्षाकर्मी उन पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दे रहे हैं। किसानों के मुताबिक हंगामे की जड़ ऑनलाइन टोकन प्रणाली में आई तकनीकी खराबी है। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने बताया कि उन्हें 6 मई की आखिरी तारीख का ऑनलाइन टोकन दिया गया था, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण खाद नहीं मिल सका। इससे पहले 4 और 5 मई को भी खाद का वितरण नहीं हो पाया था। किसानों की चिंता यह है कि यदि आज टोकन एक्सपायर हो गया, तो उन्हें दोबारा ऑनलाइन दुकानों पर पड़ रही भीड़ से गुजरना पड़ेगा और नई तारीख का इंतजार करना पड़ेगा। जिसमें काफी समय लग सकता है। हंगामे की सूचना मिलते ही तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा, कैंट टीआई अनूप भार्गव और कृषि विभाग के प्रभारी उप संचालक संजीव शर्मा मौके पर पहुँचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया।

विभाग का कहना है कि समस्या केवल सर्वर डाउन होने की वजह से आई है। वहीं कृषि विभाग के अधिकारी संजीव शर्मा ने इस समस्या को लेकर भोपाल से सर्वर अपडेशन होने की जानकारी ली। उन्होंने दावा किया कि जिन किसानों का नंबर निकल गया है, उनके स्वत: ही नए टोकन जनरेट हो जाएंगे। किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। दूसरी ओर, राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने भी इस पूरी ऑनलाइन प्रक्रिया को गलत ठहराते हुए ऑफलाइन व्यवस्था की मांग की है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस कल, 7 मई को गुना नेशनल हाईवे पर बड़ा आंदोलन और चक्काजाम करने जा रही है।

**आईपीएल जैसा सर्वर किसानों के लिए क्यों नहीं?**

कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने एक दिलचस्प लेकिन गंभीर तर्क दिया। उनका कहना था कि जब आईपीएल मैच एक साथ 50 करोड़ से ज्यादा लोग मोबाइल पर देखते हैं और साइट क्रैश नहीं होती, तो किसानों के लिए ऐसी मजबूत व्यवस्था क्यों नहीं की जा सकती? हालांकि किसानों ने टोकन प्रणाली को अच्छा बताया, लेकिन तकनीकी खामियों और वितरण के लिए कम समय दिए जाने पर गहरी नाराजगी भी जाहिर की।

### कांग्रेस का समस्या को लेकर चक्काजाम आज

किसानों की विभिन्न समस्याओं और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में 7 मई को गुना के विलोनिया क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सुबह 10.30 बजे चक्काजाम और आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की पूर्व संध्या पर जयवर्धन सिंह ने किसानों से बड़ी संख्या में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपने वादों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। भाजपा सरकार ने गेहूं की सरकारी खरीदी शुरू करने में जानबूझकर एक महीने की देरी की, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि खरीदी प्रक्रिया को इतना जटिल बना दिया गया है कि आम किसान परेशान और आक्रोशित है। जयवर्धन सिंह ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया की बाध्यता से किसानों की मुसीबतें बढ़ेंगी। साथ ही, एक हेक्टेयर जमीन पर मात्र एक बोरी यूरिया देने की जानकारी सामने आ रही है, जो किसानों के साथ अन्याय है।

# रक्त चढ़ाते ही प्रसूता की मौत परिजनों ने जताया आक्रोश

**गुना।** जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में बुधवार शाम एक प्रसूता की मौत के बाद हड़कंप मच गया। बीनागंज क्षेत्र के ग्राम पीपल्या निवासी 21 वर्षीय पूजा भील की मौत को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर पुलिस और वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी पहुँचे, जिन्होंने समझाइश देकर मामले को शांत कराया है।

परिजनों के अनुसार, पूजा को 5 मई को प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि बुधवार शाम लगभग 5 बजे पूजा को रक्त चढ़ाया गया, जिसके कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले भी रक्त चढ़ाने को लेकर अस्पताल स्टाफ से बहस हुई थी। पहले बताया गया था कि रक्त मैच नहीं हो रहा है, लेकिन बाद में जिला अस्पताल में ही व्यवस्था कर रक्त चढ़ाया गया, प्रसव से पहले ही पूजा भील की जान चली गई। परिजनों ने अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि वार्ड में पैसे लेकर उपचार किया जा रहा है। चूंकि वे निर्धन हैं और पैसे देने में असमर्थ थे, इसलिए उनके मरीज पर ध्यान नहीं दिया गया। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि कुछ महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उन पर तंज कसते हुए यहां तक कह दिया कि डिलीवरी घर पर ही करा लेते। पूजा के परिजनों का कहना है कि वे शुरूआत से ही सीजर कराने के लिए तैयार थे, लेकिन चिकित्सकों ने नॉर्मल डिलीवरी की बात कहकर टाल दिया, जबकि प्रसव भी नहीं हो पाया था। शाम को हुई इस घटना के बाद वार्ड में तनाव फैल गया और परिजनों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

### दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** एक विवाहिता से दुष्कर्म के मामले में तत्परता दिखाते हुए महज तीन दिन के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अनुसार, 02 मई 2026 को एक विवाहित महिला ने केंट थाने में आरोपी सोनू अहिरवार (निवासी कुशमौदा) के विरुद्ध बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी के खिलाफ अ.क्र. 314/26 और धारा 64(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस के अथक प्रयासों से 05 मई को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई। इसके आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दुष्कर्म के आरोपी सोनू (28 वर्ष), पुत्र किशन अहिरवार निवासी कुशमौदा को गिरफ्तार कर लिया।

## अंबेडकर चौराहे से नियम ताक पर रख चल रहे दो डीजे जब्त

**गुना।** जिले में अवैध रूप से डीजे बजाने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी कड़ी में तहसीलदार जी.एस. बैरवा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने थाना कैंट पुलिस बल के साथ मिलकर एक बड़ी संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया। टीम ने गुना नगर के अंबेडकर चौराहे पर चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर दो डीजे वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया। कार्यवाही के विवरण के अनुसार, टीम ने छावनी गुना निवासी सौरभ ओझा पुत्र रामकिशन ओझा के आयशर




वाहन (क्रमांक एमपी 08 जीए 0436) पर लगे 'वीर टिक वार' डीजे को कब्जे में लिया। इसके साथ ही, घोसीपुरा कैंट निवासी शादिक खान पुत्र शाहिद खान के डीजे वाहन (क्रमांक एमपी 08 जीए 2461) को भी जब्त करने की कार्यवाही की गई। प्रशासन ने इन दोनों जब्त वाहनों को आगामी वैधानिक प्रक्रिया के लिए थाना प्रभारी कैंट की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया है।

# नेशनल लोक अदालत के लिए जागरूक करेगी वाहन रैली

नवभारत न्यूज

**गुना। आने वाली 9 मई को आयोजित होने वाली साल की दूसरी नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर गुना जिला न्यायालय से बुधवार को एकल वाहन रैली निकाली गई, जिसे जिला एवं प्रधान न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**



लोक अदालत के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई इस रैली में कोर्ट स्टाफ के साथ-साथ बैंक, बीमा कंपनी और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सहभागिता की। रैली का मुख्य उद्देश्य राजीनामा योग्य प्रकरणों में आपसी समझौते के जरिए विवादों का निपटारा करने के लिए प्रेरित करना था। अदालत परिसर में केवल मुकदमों का निपटारा ही नहीं होगा, बल्कि इस बार लोक अदालत में जनसुविधाओं का विशेष विस्तार किया गया है। प्रशासन द्वारा इस अवसर पर आधार कार्ड बनवाने और पुराने कार्ड को अपडेट कराने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। आम नागरिकों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर की भी व्यवस्था रहेगी। प्रधान न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस आयोजन को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि आपसी सहमति से होने वाले इन समझौतों से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि समाज में सद्भाव भी बढ़ता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 9 मई को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

## लायन्स क्लब गुना सिटी की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**गुना।** इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट लायन राजीव जैन के आह्वान पर होटल वरुण में लायन्स क्लब गुना सिटी के पूर्व अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी सत्र 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन करना था, जिसमें सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। क्लब के पूर्व अध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति में आगामी सत्र के लिए मुख्य पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगाई गई। सर्वसम्मति से सुनील जैन को अध्यक्ष और ललित अग्रवाल को सचिव चुना गया। क्लब द्वारा जानकारी दी गई है कि कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पीआरओ सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के नामों की घोषणा आगामी दिनों में की जाएगी। बैठक के दौरान लायन्स क्लब के विस्तार और सेवा प्रकल्पों को और अधिक प्रभावी बनाने पर सकारात्मक चर्चा हुई। चर्चा के मुख्य बिंदु स्थायी सेवा प्रकल्पों को शुरू करने पर विशेष जोर, क्लब में सदस्य संख्या बढ़ाने और युवाओं को जोड़ने की रणनीति तैयार करना, डिस्ट्रिक्ट स्तर पर क्लब की भागीदारी बढ़ाने का निर्णय शामिल रहे। बैठक में उपस्थित पूर्व अध्यक्षों ने अपने अनुभव साझा किए और नवीन टीम को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील जैन और सचिव ललित अग्रवाल का माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सभी ने नवीन टीम के सफल कार्यकाल की मंगल कामना की।

## तीन दिनों तक प्रसव पीड़ा से तड़पती रही पालतू बिल्ली, आवेदक ने की 181 पर शिकायत

**गुना।** पशु चिकित्सालयों के डॉक्टरों पर एक बिल्ली के उपचार में लापरवाही का आरोप सामने आया है। डॉक्टरों द्वारा समय पर इलाज न मिलने के कारण बेजुबान बिल्ली ने अब तक तीन मृत बच्चों को जन्म दिया है, जबकि एक और बच्चा अभी भी उसके पेट में फंसा हुआ है। तलैया मोहल्ला निवासी अकील खान ने आरोप लगाया है कि उनकी पालतू बिल्ली पिछले तीन दिनों से प्रसव पीड़ा से तड़प रही है। सहायता के लिए जब वे उसे लेकर शासकीय पशु चिकित्सालय पहुंचे, तो वहां मौजूद चिकित्सकों ने बिल्ली का उपचार करने के बजाय पल्ला झाड़ लिया। आरोप है कि डॉक्टरों ने इलाज करने से दूरियां बना लीं और उन्हें बिल्ली को किसी प्राइवेट डॉक्टर के पास ले जाने की सलाह देकर वापस भेज दिया। इलाज के अभाव में बिल्ली की हालत लगातार बिगड़ती गई। घर लाने के बाद सोमवार को बिल्ली ने बड़ी मुश्किल से एक मृत बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद मंगलवार को दूसरे और बुधवार सुबह करीब 6 बजे तीसरे बच्चे का जन्म भी मृत अवस्था में ही हुआ। तीन दिनों से जारी इस पीड़ा के कारण बेजुबान बिल्ली की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है। सरकारी तंत्र की इस संवेदनहीनता और इलाज उपलब्ध न होने से क्षुब्ध होकर अकील खान ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

## कुंभराज में जनगणना कार्य पर एसडीएम ने जताई संतुष्टि

**कुंभराज।** चांचौड़ा के एसडीएम रवि मालवीय द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ग्रामीण एवं नगरीय निकाय के समस्त सुपरवाइजर और चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे, जहाँ अब तक हुई प्रगति का ब्योरा लिया गया। बैठक में तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी कमल मंडेलिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी अशोक कुमार पटेल, फील्ड ट्रेनर वीरेंद्र बोहरे, लिपिक सिद्धार्थ जैन, राजीव श्रीवास्तव एवं सविता केवट सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान एसडीएम मालवीय ने जनगणना



कार्य की वर्तमान गति और गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि शेष बचे हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। साथ ही, उन्होंने आंकड़ों की सटीकता और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर प्रथम महिला एचएलबी प्रगणक ज्योति मेहता को उनकी कार्यनिष्ठा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने अत्यंत कम समय में अपने आवंटित एचएलबी कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कर अन्य प्रगणकों के सामने एक उदाहरण पेश किया है।

**पत्रकार वार्ता** — समस्याओं को लेकर बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल का बड़ा हमला

# किसानों के हर मुद्दे पर असफल रही है भाजपा सरकार

नवभारत न्यूज

**गुना। बमौरी विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल ने बुधवार को अपने कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की। विधायक ऋषि अग्रवाल ने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 2700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदी का वादा किया था, लेकिन अब सरकार अपनी ही घोषणा से पीछे हट रही है।**



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया को जटिल बना रही है ताकि उसे कम से कम अनाज खरीदना पड़े और किसान परेशान होकर बिचौलियों को फसल बेचने पर मजबूर हो जाए। विधायक ने समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग में आ रही तकनीकी खामियों को भी उजागर किया। उन्होंने कहा छोटे और कम पढ़े-लिखे किसान खाद और गेहूं के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। प्रदेश भर में किसान खाद के लिए परेशान है और महंगे दामों पर कालाबाजारी के जरिए खाद खरीदने को मजबूर है। जिन किसानों के पास वन विभाग के दावे-आपत्ति पत्र हैं, उन्हें सही दस्तावेज न होने का हवाला देकर खाद देने से वंचित रखा जा रहा है। ऋषि अग्रवाल ने पुरानी स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि पहले मक्का की बिक्री के दौरान भी किसान कम दामों में फसल बेचने पर मजबूर हुआ था और अब गेहूं के साथ भी वही स्थिति दोहराई जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कंपनी द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठाया।

### सरकार को याद दिलाएंगे चुनावी वादे

विधायक ने साफ किया कि इन तमाम जनहितैषी मांगों को लेकर कांग्रेस 7 मई को नेशनल हाईवे पर उतरकर चक्काजाम करेगी। आंदोलन के माध्यम से भाजपा सरकार को उनके चुनावी वादे याद दिलाए जाएंगे और किसानों को उनका हक दिलाने के लिए दबाव बनाया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता नुरुल हसन नूर, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिशंकर विजयवर्गीय, ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश शर्मा, पंकज कनेरिया और नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

# अस्पताल परिसर का विशाल पेड़ बिजली के तारों पर गिरा, बोहरा मस्जिद कॉम्प्लेक्स पर मंडराया खतरा



नवभारत न्यूज

**गुना। शहर में बीते घंटों के दौरान आए आंधी-तूफान ने जनजीवन को प्रभावित किया है। इस दौरान जिला अस्पताल परिसर में खड़ा एक विशाल पेड़ टूटकर मस्जिद परिसर के पीछे बिजली के तारों पर जा गिरा। पेड़ गिरने से न केवल बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, बल्कि यह बोहरा मस्जिद कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग पर भी झूल रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।**

संभवत: यह घटना बीती रात की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ बिजली के तारों पर इस तरह फंसा हुआ है कि तार आपस में टकरा रहे हैं। तारों के घर्षण से बार-बार बिजली की चिंगारियां निकल रही हैं, जिससे स्थानीय रहवासियों में आग लगने और करंट फैलने का डर बना हुआ है। लोग दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। स्थानीय रहवासियों ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि पेड़ काफी समय से तारों और बिल्डिंग पर झूल रहा है और इसकी जानकारी भी सामने आ चुकी है, लेकिन अब तक इसे हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। रहवासियों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पेड़ को नहीं हटाया गया, तो यह किसी की जान पर भारी पड़ सकता है। बोहरा मस्जिद कॉम्प्लेक्स से सटा होने के कारण यहाँ लोगों की आवाजाही बनी रहती है। पेड़ का वजन तारों और बिल्डिंग पर टिका है, जो कभी भी नीचे गिर सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली विभाग और नगर पालिका की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर पेड़ को हटाए और बिजली की लाइनों को दुरुस्त करे ताकि किसी अप्रिय घटना को टाला जा सके।